नव भारत
1934 से



5 नए सीबीआई डायरेक्टर पर हाईलेवल बैठक



6 क्या एकजुट हो पाएगा विपक्षी गठबंधन?



7 सरकार ने बदली तेल-गैस टैक्स नीति



8 सात्विक-चिराग जीत के बाद दूसरे राउंड में

# हिमंता दूसरी बार असम के सीएम

## पीएम मोदी, अमित शाह और अन्य केंद्रीय नेता शपथ ग्रहण समारोह में शामिल

**गुवाहाटी, 12 मई. असम की राजनीति में मंगलवार का दिन यादगार बन गया, जब हिमंता बिस्वा सरमा ने लगातार दूसरी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ ली. वहीं, बीजेपी की तीसरी बार राज्य में सरकार बनी. गुवाहाटी के खानापारा वेटरनरी कॉलेज मैदान में आयोजित भव्य समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी समेत कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे.**



समारोह में शामिल अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने भी भारतीय लोकतांत्रिक प्रक्रिया और असम में भाजपा की प्रगति की सराहना की.हिमंत सरमा के साथ रामेश्वर तेली, अतुल बोरा, चंदन ब्रह्मा और अजंता नियोग ने मंत्री पद की शपथ ली. नई सरकार में विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए रणजीत दास को एनडीए का उम्मीदवार बनाया गया.कई राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल हुए. श्री सरमा के साथ चार नवनिर्वाचित विधायक भी मंत्री पद की शपथ ली. चुनाव में विकास, कानून-व्यवस्था और आक्रामक संगठनात्मक रणनीति के दम पर एनडीए ने लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी की. हिमंता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' के माध्यम से मंत्रियों के नामों की घोषणा की थी. इस अवसर पर सीएम हिमंता के परिवार ने भी खुशी जताई.उनकी बेटी सुकन्या सरमा ने कहा कि इस ऐतिहासिक मौके पर परिवार गर्व महसूस कर रहा है.वहीं उनकी पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा ने इसे जीवन का सबसे खुशी भरा पल बताया. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने समारोह को भाजपा के लिए एक ऐतिहासिक दिन बताया और कहा कि असम में लगातार तीसरी बार सत्ता में वापसी प्रधानमंत्री मोदी और एनडीए के विकास एजेंडे पर जनता के भरोसे को दर्शाती है.

### विपक्ष बनी सांप्रदायिक पार्टी

हिमंता ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष अब 'सांप्रदायिक पार्टी' बनकर रह गया है. हिमंत बिस्वा सरमा का राजनीतिक सफर भी बेहद दिलचस्प रहा है.2015 में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी में शामिल होने के बाद उन्होंने पूर्वोत्तर में पार्टी को मजबूती दी.अब वे लगातार दो कार्यकाल तक मुख्यमंत्री बनने वाले पहले गैर-कांग्रेसी नेता बन गए हैं.शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित नेताओं ने इसे असम की प्रगति, जनता के विश्वास और विकास की जीत का प्रतीक बताया. रामेश्वर तेली ने कहा कि वह असम के सभी समुदायों और जनजातियों के विकास के लिए काम करते रहेंगे.भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने इसे पूर्वोत्तर में पार्टी की राजनीतिक मजबूती और विकास के एजेंडे के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया.

# नीट 2026 की परीक्षा रद्द

**नई दिल्ली, 12 मई.राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने मंगलवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-यूजी 2026 (नीट-यूजी) की परीक्षा रद्द करने की घोषणा की है.**


एनटीए की ओर से मंगलवार को जारी एक बयान में बताया गया कि एजेंसी ने केन्द्र सरकार की मंजूरी से तीन मई को आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा को रद्द करने और इसे फिर से आयोजित करने का निर्णय लिया है.परीक्षा की नई तारीखें अलग से अधिसूचित की जाएंगी. परीक्षा में हुई अनियमितता की खबरों के बाद एजेंसी ने आठ मई को इस मामले को स्वतंत्र जांच और आवश्यक कार्रवाई के लिए केंद्रीय एजेंसियों को सौंपा था.केंद्रीय एजेंसियों की जांच के आधार पर प्राप्त इनपुट के बाद एनटीए ने परीक्षा रद्द करने का निर्णय लिया है. केंद्र सरकार ने इस मामले में लगे आरोपों की व्यापक जांच के लिए मामले को केंद्रीय जांच ब्यूरो को सौंपने का भी निर्णय लिया है.एनटीए ने कहा है कि वह जांच में सीबीआई को पूरा सहयोग देगी और सभी जरूरी रिकॉर्ड एवं सहायता उपलब्ध कराएगी. एजेंसी ने स्वीकार किया है कि परीक्षा दोबारा कराने से उम्मीदवारों और उनके परिवारों को काफी असुविधा होगी, लेकिन छात्रों के हित और परीक्षा प्रणाली पर जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए यह कड़वा फैसला लेना जरूरी था.

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट में कथित पेपर लीक और धांधली मामले में जांच एजेंसियों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अब तक 16 लोगों को हिरासत में लिया है, जबकि 45 लोगों को आरोपी बनाया गया है.

### अलग रजिस्ट्रेशन की जरूरत नहीं : सिंह

एनटीए महानिदेशक अभिषेक सिंह ने बताया कि दोबारा परीक्षा कराने के लिए कोई अलग से रेजिस्ट्रेशन कराने की जरूरत नहीं होगी, छात्रों की फीस भी वापस लौटा दी जाएगी. इस पेपर करीब 23 लाख से ज्यादा स्टूडेंटस शामिल हुए थे. नीट पेपर लीक और धांधली के मामले में एमबीबीएस का छात्र मास्टर माइंड का कनेक्शन सामने आया है. पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, राजस्थान पुलिस की सूचना के बाद कार्रवाई की गई.

### 22 लाख छात्रों की मेहनत पर सरकार ने फेर दिया पानी



नई दिल्ली, 12 मई. लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द किए जाने पर केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की और कहा कि 22 लाख से अधिक छात्रों की मेहनत पर सरकार ने पानी फेर दिया है.श्री गांधी ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि किसी पिता ने बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज लिया, किसी मां ने गहने बेचे और लाखों छात्रों ने रात-रात भर जागकर तैयारी की, लेकिन बदले में उन्हें पेपर लीक, सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार मिला.

# कमरे में जातिगत गाली अपराध नहीं

## बंद कमरे में जातिसूचक गाली एससी /एस टी एक्ट के तहत नहीं :सुको

**नई दिल्ली, 12 मई. सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि निजी घर के बंद कमरे में दी गई जातिसूचक गाली एससी/एसटी एक्ट के तहत अपराध नहीं मानी जाएगी.**

इस निर्णय में अदालत ने एफआईआर को रद्द कर दिया और स्पष्ट किया कि एससी/एसटी एक्ट के तहत मामला तभी बनता है जब कथित अपमान या गाली 'पब्लिक व्यू' में हुई हो। यह मामला दिल्ली के एक संपत्ति विवाद से जुड़ा था.शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि एक



महिला ने उन्हें और उनके परिवार को 'चूड़ा', 'चमार', 'हरिजन' और 'गंदी नाली' जैसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया.

घटना जनवरी 2021 में हुई थी, लेकिन यह निजी घर के भीतर हुई थी और कोई स्वतंत्र गवाह मौजूद नहीं था।

### महिला करियर को क्रूरता नहीं माना जा सकता

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक महत्वपूर्ण और सामाजिक दृष्टि से प्रभावशाली फैसले में महिलाओं के पेशेवर अधिकारों को लेकर बड़ा संदेश दिया। अदालत ने स्पष्ट किया कि एक योग्य महिला का अपने करियर को आगे बढ़ाने का निर्णय न तो क्रूरता माना जा सकता है और न ही परित्याग. यह मामला एक दंत चिकित्सक महिला और उसके अलग रह रहे पति के बीच वैवाहिक विवाद से जुड़ा था।

## भारत की अध्यक्षता में कल से ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक

**नई दिल्ली 12 मई.** ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की दो दिनों की बैठक गुरुवार को यहां शुरू होगी और इसकी अध्यक्षता विदेश मंत्री डा. एस जयशंकर करेंगे. बैठक में ब्रिक्स सदस्य एवं साझेदार देशों के विदेश मंत्री तथा प्रतिनिधिमंडलों के प्रमुख भाग लेंगे.उनका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात का कार्यक्रम है.विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि बैठक के पहले दिन ब्रिक्स सदस्य देशों के विदेश मंत्री आपसी हितों से जुड़े वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे.

# फ्लोर टेस्ट से पहले विजय सरकार को बड़ा झटका

### हाईकोर्ट ने टीवीके विधायक को विधानसभा से रोका

### मद्रास हाईकोर्ट के आदेश से बढ़ी विजय की मुश्किल

**चेन्नई, 12 मई.तमिलनाडु में मुख्यमंत्री विजय के नेतृत्व वाली टीवीके सरकार को बहुमत परीक्षण से पहले बड़ा राजनीतिक और कानूनी झटका लगा है. मद्रास हाईकोर्ट ने तिरुपत्तूर विधानसभा सीट से जीते टीवीके विधायक आर. श्रीनिवास सेतुपति को विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने से रोक दिया है.**



अदालत के इस आदेश के बाद वे फ्लोर टेस्ट में मतदान भी नहीं कर पाएंगे। यह मामला तिरुपत्तूर विधानसभा चुनाव के बेहद करीबी नतीजे से जुड़ा है. चुनाव में टीवीके उम्मीदवार आर. श्रीनिवास सेतुपति ने डीएमके नेता और पूर्व मंत्री के.आर. पेरियाकरुप्पन को सिर्फ एक वोट से हराया था. सेतुपति को 83,365 वोट मिले थे, जबकि पेरियाकरुप्पन को 83,364 वोट प्राप्त हुए थे।चुनाव परिणाम को चुनौती देते हुए पेरियाकरुप्पन ने मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी.उन्होंने आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र का एक पोस्टल बैलट गलती से दूसरे तिरुपत्तूर जिले में भेज दिया गया, जहां उसे खारिज कर दिया गया.इसके अलावा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के आंकड़ों और चुनाव आयोग की वेबसाइट पर दर्ज मतों में 18 वोटों का अंतर होने का भी दावा किया गया। मामले की सुनवाई करते हुए जस्टिस विक्टोरिया गौरी और जस्टिस एन. सेंथिलकुमार की खंडपीठ ने कहा कि प्रथम दृष्टया मामले में गड़बड़ी नजर आती है.अदालत ने अंतरिम आदेश जारी करते हुए कहा कि अगली सुनवाई तक सेतुपति विधानसभा की किसी भी कार्यवाही में भाग नहीं ले सकेंगे. वे विश्वास मत, अविश्वास प्रस्ताव या किसी अन्य फ्लोर टेस्ट में मतदान भी नहीं करेंगे.हाईकोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि तिरुपत्तूर निर्वाचन क्षेत्र से जुड़े सभी चुनावी दस्तावेज, सीसीटीवी फुटेज और विवादित पोस्टल बैलट को सुरक्षित और सील करके रखा जाए।